# ALL UNIONS AND ASSOCIATIONS OF BSNL (AUAB)

**No: UA/2018/54** **13th December, 2018**

**परिपत्र (Circular)**

प्रति,

**सभी सर्किल और डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरीज,**
**AUAB के सभी घटक**
**(Constituents of the AUAB)**

## *26.12.2018 से 29.12.2018 के दौरान संयुक्त जनरल बॉडी मीटिंग्स आयोजित करें।*

*कॉमरेड्स,*

सर्वप्रथम, राष्ट्रीय स्तर पर AUAB, 03.12.2018 से शुरू होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल की शानदार तैयारी करने के लिए सभी को बधाई देना चाहेगा। यह AUAB द्वारा हड़ताल हेतु की गई जबरदस्त तैयारी और हमारी मांगों को मिले मीडिया के अभूतपूर्व सहयोग का ही प्रभाव था, जिसके चलते माननीय संचार राज्य मंत्री ने AUAB को 03.12.2018 को चर्चा के लिए आमंत्रित किया और हमारी कुछ प्रमुख डिमांड्स का निराकरण भी किया।

AUAB की 11.12.2018 को नई दिल्ली में सम्पन्न मीटिंग में सर्किल और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर AUAB को आव्हान किया कि एसएसए स्तर पर AUAB में शामिल सभी घटकों की 03.12.2018 को माननीय संचार राज्य मंत्री के साथ हुए सेटलमेंट बाबद कर्मचारियों को विस्तार से जानकारी देने के लिए संयुक्त साधारण सभा 26 से 29 दिसंबर 2018 की अवधि में आयोजित की जाए। यह स्टेटमेंट आपको सेटलमेंट के डिटेल्स उपलब्ध कराने के लिए AUAB द्वारा उपलब्ध करवाया जा रहा है, जिससे कि आप सभी तथ्य कर्मचारियों को समझा सकें।

अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिफिकेशन सेक्रेटरी, टेलीकॉम और CMD BSNL को 15.11.2018 को दिया गया था। उसके बाद , बहुत ही अल्प अवधि में परिमंडल स्तर पर मीटिंग्स की शुरुआत के साथ हड़ताल के लिए राष्ट्रव्यापी तैयारियां शुरू हुई। शुरुआत में तो DoT और माननीय मंत्रीजी AUAB के साथ मिलने के लिए तैयार नही थे। किन्तु जैसे ही हड़ताल के लिए सभी को संगठित करने की तैयारियों ने जोर पकड़ा, मीडिया भी साथ आया, सरकारी खेमे में कुछ हलचल हुई, खलबली मची। रविवार दिनांक 02.12.2018 को श्रीमती अरुणा सुन्दराराजन, सेक्रेटरी, टेलीकॉम ने AUAB को चर्चा के लिए आमंत्रित किया। DoT और BSNL के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में लगभग 4 घंटे चर्चा चली, जिसमें हमारी मांगों को ले कर सरकार की गंभीरता दृष्टिगत हुई। सेक्रेटरी ने हमारे मुद्दों के निराकरण हेतु गंभीरता के साथ हमारी प्रत्येक डिमांड्स के प्रति बेहद सकारात्मक रवैया प्रदर्शित करते हुए विगत दो सप्ताह में हमारे मुद्दों के निराकरण के लिए सरकार द्वारा की गई पहल से अवगत कराया। इस मीटिंग में सेक्रेटरी, टेलीकॉम ने हमें बताया कि

दिनांक 03.12.2018 को प्रातः 10.00 बजे श्री मनोज सिन्हा, संचार राज्य मंत्री हमसे मुलाकात करेंगे। उन्होंने AUAB से आग्रह किया कि माननीय मंत्रीजी हमारे मुद्दों के निराकरण हेतु उत्सुक हैं, अतः हड़ताल को स्थगित किया जाए। अभी तक, माननीय संचार राज्य मंत्री राजस्थान के चुनाव अभियान में व्यस्त होने से दिल्ली से बाहर थे।

ऐसी स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने के संबंध में AUAB लीडर्स को बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लेना था। हड़ताल 03.12.2018 को 00.00 hrs से शुरू होना थी, वहीं माननीय संचार राज्य मंत्री का 03.12.2018 को सुबह 10.00 बजे AUAB से मिलने का निर्णय सामने था। एक बड़ा ही विकट प्रश्न हमारे समक्ष उत्पन्न हो गया था। हमारे सामने सवाल यह था कि तय कार्यक्रम अनुसार हमें हड़ताल पर जाना चाहिए या नही।

02.12.2018 की शाम को हुई AUAB की मीटिंग में गहन विचार विमर्श पश्चात AUAB सर्वानुमति से इस निष्कर्ष पर पहुंची कि 03.12.2018 के 00.00 hrs से हड़ताल पर जाना बुद्धिमत्ता पूर्ण नही होगा, विशेष रूप से, जब माननीय संचार राज्य मंत्री द्वारा उसी दिन सुबह 10 बजे चर्चा हेतु आमंत्रित किया गया है। AUAB ने यह महसूस किया कि हमें कुछ समय के लिए हड़ताल स्थगित करना चाहिए जिससे कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में माननीय संचार राज्य मंत्री से चर्चा हो सके। इस कारण से हड़ताल पहले एक सप्ताह के लिए स्थगित की गई।

कुछ मित्र यह तर्क दे सकते हैं कि हड़ताल स्थगित करने का क्या औचित्य था, भले ही माननीय संचार राज्य मंत्री अगले दिन हमसे मिलना चाह रहे थे। हम हमारे साथियों को यह स्पष्ट करना चाहेंगे कि हमारी मांगों के निराकरण में संघर्ष की अपनी भूमिका होती है। किंतु महत्वपूर्ण भूमिका होती है निगोशिएशन की। गवर्नमेंट/मैनेजमेंट पर आमने सामने बैठ कर वार्ता हेतु माकूल दबाव बनाने के लिए संघर्ष की जरूरत होती है। एक बार उचित दबाव बन जाने के बाद डिमांड्स के निराकरण हेतु निगोशिएशन (वार्ता) ही आवश्यक होता है।

हमारे द्वारा व्यापक रूप से की गई राष्ट्रव्यापी तैयारी से गवर्नमेंट को निगोशिएशन टेबल पर लाने के लिए हमने जरूरी दबाव निर्मित किया। जब वे निगोशिएशन के लिए सहमत हो गए तो हमारे लिए भी निगोशिएशन करना जरूरी हो जाता है। अब हम यह तो नही कह सकते थे कि हम, हमारे द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय अनुसार हड़ताल करेंगे, भले ही माननीय संचार राज्य मंत्री चर्चा करने के लिए तैयार हो।

हमें यह नही भूलना चाहिए कि, हम 03.12.2018 से हड़ताल कर भी लेते तो 3-4 दिन पश्चात हमें हमारे मुद्दों के निराकरण हेतु मंत्री महोदय के पास जाना ही पड़ता, क्योंकि यही वें शख्स है जिन्हें हमारी 3rd पे रिवीजन की मांग को आवश्यक अनुमोदन हेतु कैबिनेट के पास ले जाना है। इसलिए AUAB ने सर्वानुमति से निर्णय लिया कि हमें कुछ समय के लिए हड़ताल स्थगित करना चाहिए जिससे कि 03.12.2018 को सुबह 10.00 बजे मंत्रीजी से अनुकूल वातावरण में चर्चा हो सके।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में, AUAB ने हड़ताल एक सप्ताह के लिए स्थगित की और 03.12.2018 को माननीय

संचार राज्य मंत्री से चर्चा की। चर्चा के दौरान माननीय संचार राज्य मंत्री के अलावा DoT के सभी उच्च अधिकारी मौजूद थे। CMD BSNL और डायरेक्टर (HR) भी मौजूद थे। हमारी डिमांड्स पर गंभीरता के साथ चर्चा हुई। BSNL को 4G स्पेक्ट्रम का आवंटन, वास्तविक मूल वेतन पर पेंशन कॉन्ट्रिब्यूशन का भुगतान और रिटायर्ड कर्मियों के पेंशन रिवीजन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के निराकरण हेतु सहमति बनी। विवरण निम्नानुसार है।

***1. BSNL को 4G स्पेक्ट्रम का आवंटन:***

अनिश्चितकालीन हड़ताल के नोटिस जारी होने के तुरंत बाद ही DoT द्वारा BSNL को 4G स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए कैबिनेट नोट बना कर अंतर-मंत्रालय विमर्श (inter-ministerial consultation) हेतु भेज दिया गया था। माननीय MoS(C) {मंत्री महोदय} द्वारा जानकारी दी गई कि इस कार्य को अन्य मंत्रालयों से तत्परता से करवाने हेतु उन्होंने DoT के एक वरिष्ठ अधिकारी को डेप्यूट भी कर दिया है। माननीय MoS(C) ने यह भी विश्वास दिलाया कि यह प्रक्रिया पूर्ण होते ही कैबिनेट की आगामी मीटिंग में इसे अनुमोदन हेतु प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

***2. BSNL द्वारा वास्तविक मूल वेतन पर आधारित पेंशन कॉन्ट्रिब्यूशन का भुगतान:***

BSNL द्वारा वास्तविक मूल वेतन पर आधारित पेंशन कॉन्ट्रिब्यूशन के भुगतान के मुद्दे पर माननीय संचार राज्य मंत्री ने बताया कि DoT द्वारा इस मुद्दे के निराकरण हेतु सकारात्मक अनुशंसा के साथ वित्त मंत्रालय को लिखा जा चुका है और प्रकरण वित्त मंत्रालय तक पहुंच भी गया है।

***3. पेंशन रिवीजन:***

BSNL के रिटायर्ड कर्मियों के पेंशन रिवीजन के संबंध में बताया गया कि DoT ने पेंशन रिवीजन को कार्यरत कर्मियों के वेज रिवीजन से पृथक (delink) करने की हमारी डिमांड को मान्य कर लिया है। AUAB इस बात के लिए दृढ़ता के साथ अडिग था कि पेंशन रिवीजन को पे रिवीजन या एफोरडीबिलिटी से नही जोड़ा जाना चाहिए और अंततोगत्वा AUAB के पक्ष को DoT ने स्वीकार कर लिया। यह एक बड़ी उपलब्धि (major breakthrough) है और इससे हमारी 15% फिटमेंट के साथ पे रिवीजन की राह प्रशस्त होगी।

***वस्तुतः, AUAB द्वारा 15.11.2018 को हड़ताल का नोटिस जारी करने बाद से ही इन मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु DoT द्वारा प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। बीएसएनएल के वित्तीय उन्नयन (financial revival) के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है और हमें इसे कमतर नही आंकना चाहिए। इन उपलब्धियों को कंसोलिडेट करना बेहद महत्वपूर्ण है। कहने का तात्पर्य यह कि 4G स्पेक्ट्रम के लिए कैबिनेट का अप्रूवल और वास्तविक मूल वेतन पर पेंशन कॉन्ट्रिब्यूशन के भुगतान के मसले पर वित्त मंत्रालय का अनुमोदन त्वरित प्राप्त करना बेहद जरूरी है। इन सभी डिमांड्स पर DoT में कार्यवाही जारी है और आवश्यक अनुमोदन हेतु नोडल मिनिस्ट्रीज को भी प्रकरण प्रेषित किए जा चुके हैं। इस संबंध में सेक्रेटरी , टेलीकॉम और माननीय MoS(C) की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।***

इसी प्रकार, संचार राज्य मंत्री ने यह स्वीकार किया है कि रिटायरीज के पेंशन रिवीजन को कार्यरत कर्मियों के वेज रिवीजन से पृथक किया जाएगा।

***4. 3rd पे रिवीजन:***

कर्मचारियों के 3rd पे रिवीजन के मुद्दे का अंतिम रूप से निराकरण (final settlement) नही हो पाया है। किन्तु इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इस मुद्दे पर अभी तक DoT का नकारात्मक दृष्टिकोण था, उनका यह कहना था कि BSNL कर्मियों का वेज रिवीजन नही किया जा सकता है। किन्तु, हमारी हड़ताल की जबरदस्त तैयारियों के मद्दे नजर उन्हें अपनी सोच में परिवर्तन के लिए बाध्य होना पड़ा। दिनांक 03.12.2018 को सम्पन्न मीटिंग में माननीय MoS(C) और साथ ही सेक्रेटरी, टेलीकॉम ने इंगित किया कि कर्मचारियों की 3rd पे रिवीजन की मांग पर वें विचार करेंगे , किन्तु 15% फिटमेंट नही दिया जा सकता है। माननीय MoS(C) और सेक्रेटरी, टेलीकॉम द्वारा प्रस्तुत तर्क और दृष्टिकोण निम्नानुसार था।

* यदि 15% फिटमेंट के साथ 3rd पे रिवीजन का निराकरण किया जाता है तो, BSNL सैलरी का भुगतान करने में सक्षम नही होगा।
* 3rd पे रिवीजन की वजह से होने वाले अतिरिक्त खर्च वहन के संबंध में मुख्य रूप से 4G सेवाओं के आधार पर बनाया गया BSNL का प्रस्ताव 4G स्पेक्ट्रम आवंटन के पूर्व कैबिनेट को स्वीकार्य नही होगा।
* यदि 4G स्पेक्ट्रम और 3rd पे रिवीजन, दोनों प्रकरण एक साथ कैबिनेट को प्रस्तुत किए जाते हैं तो दोनों ही निरस्त हो सकते हैं।
* 3rd पे रिवीजन को स्वीकार्य योग्य बनाने के लिए आय के अन्य स्त्रोत प्रस्तुत करना होंगे।
* इसी दौरान, अंतिम निर्णय लेने के पूर्व, नॉन एग्जीक्यूटिव कर्मियों की वेज निगोशिएशन प्रक्रिया पूर्ण हो जाना चाहिए। इसके पश्चात इसे अनुमोदित करवाना आसान होगा।

***5. $2^{nd}$ PRC के शेष मुद्दे:***

30.11.2018 को AUAB के साथ हुई मीटिंग में CMD द्वारा कॉन्ट्रिब्यूशन में मार्च 2019 तक 3% की अतिरिक्त वृद्धि और शेष की आगामी वित्तीय वर्ष में वृद्धि के लिए सहमति एक बड़ी उपलब्धि है।

***दूसरी बड़ी उपलब्धि माननीय MoS(C) और सेक्रेटरी, टेलीकॉम के नज़रिए में परिवर्तन दृष्टिगत होना है, जिसके तहत दोनों हमारी विभिन्न डिमांड्स की प्रगति की मॉनिटरिंग के लिए संस्थागत तंत्र स्थापित करने हेतु सहमत हुए। इस तंत्र के तहत AUAB समय समय पर DoT के साथ हमारे मुद्दों पर हुई प्रगति की समीक्षा कर सकेगा।***

माननीय संचार राज्य मंत्री से हुई चर्चा पश्चात AUAB की मीटिंग हुई। अब AUAB के समक्ष यह प्रश्न था कि हड़ताल की जाए या स्थगित की जाए। गहन विचार विमर्श पश्चात AUAB ने कम से कम 45 दिनों के लिए हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया। यह निर्णय सद्भावपूर्ण निराकरण के लिए DoT से कुछ और चर्चा करने के उद्देश्य से लिया गया। इसके साथ ही, हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि BSNL को शीघ्र ही 4G स्पेक्ट्रम आवंटित हो जाए और BSNL द्वारा पेंशन कॉन्ट्रिब्यूशन का भुगतान भी वास्तविक

मूल वेतन पर आधारित हो। इन दोनों ही मुद्दों के निराकरण के बगैर 3rd पे रिवीजन का सेटलमेंट अर्थहीन है, क्योंकि संशोधित वेतन अनुसार कंपनी के पास वेतन भुगतान के लिए आवश्यक धनराशि नही होगी।

ऊपर उल्लेखित परिस्थिति के मद्दे नज़र 03.12.2018 से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित की गई। लेकिन AUAB सभी साथियों को बताना चाहेगा कि हड़ताल केवल स्थगित की गई है, वापिस नही ली गई है। हम DoT लेवल पर कुछ और प्रयास कर 3rd पे रिवीजन का निराकरण करना चाहते हैं। हमारे मुद्दों के लिए हमारे द्वारा किए जा रहे सौहार्दपूर्ण प्रयास यदि एक निश्चित समयावधि में फलीभूत नही होते हैं तो AUAB पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए संकोच नही करेगी। अतः, हमारे सभी कॉमरेड्स से अनुरोध है कि वें स्थिति को समझने की कोशिश करें। हम सर्किल और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर AUAB से भी निवेदन करते हैं कि वें, जब भी जरूरी हो, कर्मचारियों को संघर्ष के लिए तैयार रखें।

धन्यवाद सहित,

भवदीय,

(P. ABHIMANYU)
GS, BSNLEU

GS NFTE
Chairman
AUAB

K. Sebastin
GS/SNEA

(PRAHLAD RAI)
GS, AIBSNLEA

(C.V. Subbaraman)
GS TEPU

(SURESH KUMAR)
GS BSNLMS.

RAVI SHIL VERMA
GS/AIGETOA

(Rewati Prasad)
AGS BSNLATM

(NILKABEER DAS)
G/S. BSNLOA